समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# चैपिंयंस ट्रॉफी 2025 के लिए आज होगा टीम इंडिया का ऐलान......

Publisher

Published on 18 Jan 2025

## चैपिंयंस ट्रॉफी के साथ ही फरवरी मे इंग्लैडं के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भी टीम इंडिया का ऐलान किया जाएगा।

**चैपिंयंस ट्रॉफी 2025:** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 **19 फरवरी** से शुरू होगी। इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले लगभग सभी देशों ने अपनी टीमों की घोषणा कर दी है और भारतीय **क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)** शनिवार 18 फरवरी को टीम इंडिया की घोषणा भी करेगा। बीसीसीआई ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। भारतीय टीम के **कप्तान रोहित शर्मा** और चयन समिति के **अध्यक्ष अजीत अगरकर** मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टीम की घोषणा करेंगे। टीम इंडिया की घोषणा के बाद करीब 12:30 से 1:00 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। **चैपिंयंस ट्रॉफी** के साथ ही फरवरी में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए भी टीम इंडिया का ऐलान किया जाएगा।

**चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित होगी :**
2017 के बाद यह पहली बार है जब **आईसीसी चैपिंयंस ट्रॉफी** का आयोजन कर रहा है और यह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में खेला जाएगा। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है और भारत के सभी मैच **दुबई** में खेले जाएंगे। **चैपिंयंस ट्रॉफी** 2025 **19 फरवरी से 9 मार्च** के बीच खेली जाएगी, जिसमें भारत बनाम पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। भारत का पहला मैच **20 फरवरी** को बांग्लादेश के खिलाफ खेला जाएगा। भारत का आखिरी लीग मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा।

**8 टीमे दो समूहों मे विभाजित :**
चैंपियंस ट्रॉफी में **कुल 8 टीमे** भाग लेंगी, जिसमें **ग्रुप ए मे भारत, न्यूजीलैडं, बांग्लादेश और पाकिस्तान** शामिल हैं। **ग्रुप बी मे अफगानिस्तान, इंग्लैडं, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया** शामिल हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में कुल 15 मैच खेले जाएंगे।

**चैपिंयंस ट्रॉफी के लिए संभावित भारतीय टीम :**
**रोहित शर्मा (कप्तान)**, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश रेड्डी, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, सूर्य कुमार यादव, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, ऋषभ पंत पंत

**रिजर्व: मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, संजू सैमसन**

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.